कार्यालय नगर परिषद ब्यौहारी, जिला-शहडोल (म.प्र.)

Ph.- 07650-262239 Mo.-9630911326 Email-cmobyohari@mpurban.gov.in

क्र./2389 /न.प./स्था./वि.भर्ती/2024/ ब्यौहारी, दिनांक- 13-03-2024

विज्ञापन

संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र. भोपाल के पत्र क्र./स्था./एक/201/प.शि./2024/3780, भोपाल दिनांक-26.02.2024 द्वारा जारी आदेशानुसार नगर परिषद ब्यौहारी में रिक्त स्वच्छता संरक्षक के दिव्यांगजनों हेतु आरक्षित पद पर वॉक-इन-इन्टरव्यू के माध्यम से चयन हेतु इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन पत्र दिनांक-28.03.2024 तक आमंत्रित किये जाते है।

न्यूनतम योग्यता धारित करने वाले उम्मीदवारों के आवेदन पत्र प्राप्ति के उपरांत पात्र अभ्यर्थियों को अलग से सूचना दी जावेगी। पदों की संख्या आरक्षित श्रेणी एवं न्यूनतम योग्यता का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	स्वच्छता संरक्षक पदों की संख्या	नियमित /संविदा	आरक्षण श्रेणी	पद संख्या	न्यूनतम योग्यता	दिव्यांग का प्रकार
1	2	3	4	5	6	7
01.	02	संविदा	अनारक्षित	01	05वी कक्षा उत्तीर्ण	बहरे/कम सुनने वाले
02.			अनुसूचित जनजाति	01	05वी कक्षा उत्तीर्ण	लोकोमोटर डिसेबिलिटी जिसमे सम्मिलित है, सेरेब्रल पालिसी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीडित, मस्कुलर डिस्ट्राफी

टीप:-

01. स्वच्छता संरक्षक के पद पर नियुक्ति वॉक-इन-इन्टरव्यू के माध्यम से चयन समिति द्वारा की जायेगी।
02. चयन समिति द्वारा नियुक्ति के संबंध में लिये गये समस्त निर्णय उम्मीदवारों के लिये बंधनकारी एवं मान्य होंगे।
03. वॉक-इन-इन्टरव्यू के लिये आने वाले उम्मीदवारों को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता प्रदाय नही किया जावेगा। उम्मीदवार यात्रा व्यय तथा खाने पीने का व्यय स्वयं वहन करेगा।
04. निर्धारित तिथि समाप्त होने उपरान्त आवेदन पत्र स्वीकार्य नही किये जायेगें।
05. अधूरे तथा अस्पष्ट आवेदन पत्र पर कोई विचार नही किया जावेगा।
06. नियुक्ति के लिये समस्त आवेदन पत्र मुख्यनगर पालिका अधिकारी नगर परिषद ब्यौहारी जिला-शहडोल के नाम से पंजीकृत डाक से प्रेषित किया जाये, तथा कार्यालय कार्य दिवसो में कार्यालय प्रातः11.00 बजे से शायं 05.00 बजे तक जमा किये जा सकते है।
07. नियुक्ति के संबंध में अन्य जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन समय में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
08. नियुक्ति के लिये आवेदन नियत प्रारूप में ही मान्य किया जावेगा, जो नगर परिषद ब्यौहारी कार्यालय अथवा निकाय की बेब साईट www.mpuban.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते है।
09. न्यूनतम आयु 18 वर्ष की आयु पूर्ण तथा अधिकतम आयु सीमा में शासन के नियमानुसार छूट प्रदान की जावेगी।
10. नियुक्ति आदेश जारी होने के 15 दिवस के भीतर स्थानीय कोतवाली से चरित्र प्रमाण पत्र तथा जिला चिकित्सालय द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
11. नियमित कर्मचारियों को वेतनमान 4400-7440+DA एवं संविदा कर्मचारियों का वेतनमान 8000 या कलेक्टर महोदय द्वारा स्वीकृत अकुशल दर देय होगा।

(अरूण श्रीवास्तव)
मुख्यनगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद ब्यौहारी
जिला-शहडोल(म.प्र.)

पृ. क्र./2390 /न.प./स्था./वि.भर्ती/2024/ ब्यौहारी, दिनांक-13-03-2024

प्रतिलिपिः-

01. आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र. भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ।
02. आयुक्त महोदय शहडोल संभाग शहडोल की ओर सादर सूचनार्थ।
03. कलेक्टर महोदय शहडोल (म.प्र.) की ओर सादर सूचनार्थ।
04. संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास शहडोल संभाग-शहडोल (म.प्र.) की ओर सादर सूचनार्थ।
05. परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण शहडोल (म.प्र.)।
06. अध्यक्ष महोदय नगर परिषद ब्यौहारी की ओर सादर सूचनार्थ।
07. संपादक .....दैनिक समाचार पत्र की ओर अपने समाचार पत्र में 01 दिवस प्रकाशन कर 05 प्रतियों में समाचार पत्र के साथ देयक प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

मुख्यनगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद ब्यौहारी
जिला-शहडोल(म.प्र.)